**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
**जनसंपर्क कार्यालय**
**PUBLIC RELATIONS OFFICE**

## चुनौतियों का सामना करते हुए महिलाएं आगे बढ़ रही हैं : प्रो. गीता भट्ट
### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हिंदी विश्वविद्यालय में ‘महिला सशक्तीकरण के विभिन्न आयाम’ विषय पर हुआ व्याख्यान

**वर्धा, 09 मार्च 2026:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में ‘महिला सशक्तीकरण के विभिन्न आयाम’ विषय पर आयोजित व्याख्यान में बतौर मुख्य वक्ता संबोधित करते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय की एनसीडब्ल्युईबी की निदेशक एवं एसोशिएट प्रोफेसर प्रो. गीता भट्ट ने कहा कि भारत में प्राचीन काल से ही महिलाएं नेतृत्व करती आ






रही हैं वर्तमान समय में भी अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए महिलाएं आगे बढ़ रही हैं। महिला सशक्तीकरण की दिशा में जागरण की आवश्यकता है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार, 09 मार्च को ग़ालिब सभागार व्याख्यान का आयोजित किया गया।

इस अवसर पर आवासीय लेखिका डॉ. क्षमा कौल, आंतरिक शिकायत समिति की अध्यक्ष डॉ. अनुपमा गुप्ता और साहित्य विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. अवधेश कुमार मंचासीन थे। प्रो. गीता भट्ट ने कहस कि हर शताब्दी में महिलाओं की सफलता के कई उदाहण मिलते हैं। इस संदर्भ में उन्होंने 12वीं शताब्दी में गुजरात के पाटन की रानी नायकी देवी, 16वीं शताब्दी में कर्नाटक की रानी अवक्का आदि की सफलता का उदाहण दिया। उन्होंने शिक्षा जगत में सावित्रीबाई फुले और विज्ञान में कमला सोहनी की सफलता की चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमारे ग्रंथ धर्म, अर्थ और काम में संतुलन की बात करते है। हमें संतुलन बनाए रखकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने कहा कि सहयोग, समन्वय व सामंजस्य बनाकर विकास पथ पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी समाज और समुदाय नैतिक साझेदारी से चलता है। महिलाओं को स्व को साझेदारी के साथ पुष्ट करना चाहिए। स्त्री के पास सृजन की शक्ति है और इसकी परंपरा दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती से चलती आ रही है। महिलाओं ने पग-पग पर आयी बाधाओं को पार कर उंचाईयों को छुआ है।

डॉ. क्षमा कौल ने सनातन परंपरा का संदर्भ देते हुए स्त्री चेतना पर प्रकाश डाला। डॉ. अनुपमा गुप्ता ने सशक्तीकरण के लिए सफलता प्राप्त करने पर बल दिया और मानवता को बचाने के लिए आगे आने की आवश्यकता जतायी। कार्यक्रम का स्वागत वक्तव्य प्रो. अवधेश कुमार ने किया।

अतिथिओं का स्वागत शॉल, सूतमाला और विश्वविद्यालय का प्रतीक चिन्ह से किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं कुलगीत से तथा समापन राष्ट्रगान से किया गया। इस अवसर पर जेंडर संवेदनशीलता एवं सम्मान विषय पर आयोजित



पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं के प्रमाणपत्र विद्यार्थियों को प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षा विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. सीमा बर्‌गट ने किया तथा आंतरिक शिकायत समिति के विद्यार्थी प्रतिनिधी रवींद्र कुमार ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम कोलकाता, रिद्धपुर एवं प्रयागराज केंद्र के अध्यापक, विद्यार्थी एवं शोधार्थी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े थे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

**आव्हाने पेलत महिला पुढे जात आहेत : प्रो. गीता भट्ट**

**हिंदी विश्वविद्यालयात आंतरराष्ट्रीय महिला दिनानिमित्त 'महिला सक्षमीकरणाचे विविध आयाम' या विषयावर व्याख्यान**

**वर्धा, ९ मार्च २०२६ :** आंतरराष्ट्रीय महिला दिनाच्या निमित्ताने 'महिला सशक्तीकरणाचे विविध आयाम' या विषयावर महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात आयोजित व्याख्यानात प्रमुख वक्त्या म्हणून बोलताना दिल्ली विश्वविद्यालयातील एनसीडब्ल्युईबीच्या निदेशक व एसोशिएट प्रोफेसर गीता भट्ट म्हणाल्या की भारतात प्राचीन काळापासून महिलांनी नेतृत्व केले आहे. आजच्या काळातही अनेक आव्हानांना सामोरे जात महिलांनी प्रगतीची वाट धरली आहे. महिला सशक्तीकरणासाठी जागरूकता निर्माण करणे अत्यंत आवश्यक आहे. सोमवार, ९ मार्च रोजी कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा यांच्या अध्यक्षतेखाली गालिब सभागृहात कार्यक्रम आयोजित करण्यात आला. या वेळी निवासी लेखिका डॉ. क्षमा कौल, अंतर्गत तक्रार समितीच्या अध्यक्षा डॉ. अनुपमा गुप्ता तसेच साहित्य विद्यापीठाचे अधिष्ठाता प्रो. अवधेश कुमार मंचावर उपस्थित होते.

प्रो. गीता भट्ट म्हणाल्या की प्रत्येक शतकात महिलांच्या यशाची अनेक उदाहरणे आढळतात. त्यांनी १२व्या शतकातील गुजरातमधील पाटण येथील राणी नायकी देवी आणि १६व्या शतकातील कर्नाटकच्या राणी अवक्का यांच्या कार्याचा उल्लेख केला. तसेच शिक्षण क्षेत्रातील सावित्रीबाई फुले आणि विज्ञान क्षेत्रातील कमला सोहनी यांच्या यशाचाही त्यांनी उल्लेख केला. आपल्या ग्रंथांमध्ये धर्म, अर्थ आणि काम यामध्ये संतुलन राखण्याची शिकवण दिली आहे. ते संतुलन राखत पुढे जाण्याची गरज असल्याचे त्यांनी सांगितले.

अध्यक्षीय भाषणात कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा म्हणाल्या की सहकार्य, समन्वय आणि सामंजस्य राखून विकासाच्या मार्गावर चालणे आवश्यक आहे. कोणताही समाज नैतिक भागीदारीवर चालतो. महिलांनी आपल्या अस्तित्वाची जाणीव भागीदारीतून मजबूत करावी. स्त्रीकडे सर्जनाची शक्ती आहे आणि ही परंपरा दुर्गा, लक्ष्मी आणि सरस्वतीपासून चालत आली आहे. महिलांनी प्रत्येक टप्प्यावर आलेल्या अडथळयांवर मात करत यशाची उंची गाठली आहे असेही त्या म्हणाल्या.

डॉ. क्षमा कौल यांनी सनातन परंपरेचा संदर्भ देत स्त्रीचेतनेवर प्रकाश टाकला. डॉ. अनुपमा गुप्ता यांनी सशक्तीकरणासाठी यश संपादन करण्यावर भर देत मानवतेचे रक्षण करण्यासाठी पुढे येण्याचे आवाहन केले. कार्यक्रमाचे स्वागत भाषण प्रो. अवधेश कुमार यांनी केले. अतिथींचे स्वागत शाल, सूतमाला व प्रतीकचिन्ह देऊन करण्यात आले. कार्यक्रमाची सुरुवात दीपप्रज्ज्वलन आणि कुलगीताने तर समारोप राष्ट्रगीताने झाला. या वेळी जेंडर संवेदनशीलता आणि सन्मान या विषयावर आयोजित पोस्टर व घोषवाक्य स्पर्धांमध्ये सहभागी विद्यार्थ्यांना प्रमाणपत्रे प्रदान करण्यात आली. कार्यक्रमाचे संचालन शिक्षण विभागाच्या सहायक प्रोफेसर डॉ. सीमा बर्गट यांनी केले, तर अंतर्गत तक्रार समितीचे विद्यार्थी प्रतिनिधी रवींद्र कुमार यांनी आभार मानले. यावेळी कोलकाता, प्रयागराज व रिद्धपूर केंद्राचे शिक्षक व विद्यार्थी ऑनलाइन माध्यमातून सहभागी झाले. याप्रसंगी मोठ्या संख्येने शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी व विद्यार्थी उपस्थित होते.